<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>विश्वविद्यालय में साइबर अपराध पर कार्यशाला आयोजित</u>

पंतनगर 20 मई 2022। विश्वविद्यालय के गृह विज्ञान महाविद्यालय के परिवार संसाधन प्रबंध विभाग में अध्ययनरत चतुर्थ वर्ष के विद्यार्थियों द्वारा इवेंट एंड डेकोर मैनेजमेंट पाठ्यक्रम के अंतर्गत 'बैंक में होने वाले साइबर अपराध' विषय पर एक–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इस कार्यशाला के मुख्य अतिथि गृह विज्ञान महाविद्यालय की कार्यवाहक अधिष्ठात्री, डा. अनुराधा दत्ता थी। कार्यशाला में विभागाध्यक्ष, वस्त्र एवं परिवहन विभाग, डा. शहनाज जहाँ; विभागाध्यक्ष, परिवार संसाधन प्रबंध विभाग, डा. सीमा क्वात्रा; विभागाध्यक्ष, गृह विज्ञान प्रसार विभाग, डा. अनुपमा पांडे के साथ–साथ डा. सुनीता शर्मा, डा. दिव्या सिंह, डा. संध्या आदि उपस्थित थे।

इस कार्यशाला के माध्यम से विद्यार्थियों एवं शिक्षकगणों को बैंक में होने वाले साइबर अपराध के साथ–साथ बैंक की सामान्य गतिविधियों, बचत एवं विनियोग के विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यशाला में भारतीय स्टेट बैंक की शाखा पंतनगर के शाखा प्रबंधक, उप शाखा प्रबंधक, आदि ने प्रतिभागियों को बताया की बैंक से संबंधित होने वाले मुख्य साइबर अपराध की वजह उपभोक्ताओं को कम जानकारी होना है। उन्होंने कहा कि बैंक कभी भी किसी उपभोक्ता से उनकी कोई भी व्यक्तिगत जानकारी प्राप्त करने के लिए फोन के माध्यम से सम्पर्क नहीं करता है। अतः उपभोक्ताओं को इस तरह की फ्रॉड कॉल्स से सावधान एवं सजग रहना चाहिए, जिसमें उनसे उनके खाता संख्या, आधार संख्या, पैन संख्या अथवा ओटीपी की जानकारी मांगी जाती है। बैंक में होने वाले साइबर अपराध से किस प्रकार से बचा जा सकता है इस विषय पर उप शाखा प्रबंधक शिफाली रून वाला ने बताया कि यदि निश्चित समय में बैंक को आपके खाते में हुए फ्रॉड की जानकारी दे देते हैं तो पैसा आपको वापस मिल सकता है। इसकी जानकारी फोन नंबर 155260 के माध्यम से भी बैंक को दी जा सकती है। बैंक के मुख्य प्रबंधक श्री प्रकाश चंद्र पंत ने कार्यशाला में प्रतिभाग कर रहे लगभग 60 प्रतिभागियों को बैंक की सामान्य जानकारी देते हुए सदैव अपने लेन–देन में सजग रहने का आग्रह किया। साथ ही उन्होंने विद्यार्थियों से यह अपील की कि वे जहां पर मुफ्त वाई–फाई सुविधा उपलब्ध है, वहां पर कभी भी ऑनलाइन बैंकिंग का प्रयोग नहीं करें। इस कार्यशाला का आयोजन इवेंट एंड डेकोर मैनेजमेंट की कोर्स इंस्ट्रक्टर, सह प्राध्यापक, परिवार एवं संसाधन प्रबंध विभाग, डा. छाया शुक्ला के मार्गदर्शन में किया गया।

दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करती गृह विज्ञान महाविद्यालय की कार्यवाहक अधिष्ठात्री, डा. अनुराधा दत्ता।